सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 42 | इंदौर, सोमवार 25 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

शाह बोले-

## विपक्ष जेल से भी सरकार चलाना चाहता है

### भरोसा है 130वां संविधान संशोधन संसद में पास हो जाएगा, विपक्षी नैतिकता का समर्थन करेंगे



**नई दिल्ली, (एजेंसी) गृह मंत्री अमित शाह ने न्यूज एजेंसी ANI को इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने हाल ही में संसद में लाए गए तीनों बिलों और इस पर विपक्ष के विरोध पर बात की।**

शाह ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ विपक्ष के रुख पर कहा, ये लोग (विपक्ष) आज भी ये कोशिश कर रहे हैं कि अगर कभी जेल गए तो जेल से ही आसानी से सरकार बना लेंगे। जेल को ही CM हाउस, PM हाउस बना देंगे। DGP, मुख्य सचिव, कैबिनेट सचिव या गृह सचिव जेल से ही आदेश लेंगे। शाह ने ये भी कहा, लालू यादव को बचाने के लिए मनमोहन सिंह द्वारा लाए गए अध्यादेश को फाड़ने का राहुल गांधी का क्या औचित्य था? अगर उस दिन नैतिकता थी तो क्या आज नहीं है, क्योंकि आप लगातार तीन चुनाव हार चुके हैं?

### हूतियों ने दागी नई किस्म की मिसाइल तो इजरायल ने मचा दी तबाही

## यमन में 6 की मौत, 86 घायल

**काहिरा।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा इजरायल पर एक नए किस्म की मिसाइल दागे जाने के बाद इजराइल ने रविवार को यमन की राजधानी सना पर जोरदार हमला बोला। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, यमन की राजधानी सना पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए हैं और 86 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने आगे कहा कि उसने एक सैन्य स्थल पर हमला किया, जहाँ राष्ट्रपति भवन स्थित है, साथ ही दो बिजली संयंत्रों और एक ईंधन भंडारण स्थल पर भी हमले किए हैं। इजराइली रक्षा बलों (IDF) ने कहा है कि यह हमला इजरायल और उसके नागरिकों पर हूती आतंकवादी शासन द्वारा बार-बार किए जा रहे हमलों के जवाब में किया गया है।

# ग्वालियर में दो दिनी रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव 29 अगस्त से

### मुख्यमंत्री मोहन यादव, सिंधिया होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में 29 एवं 30 अगस्त को रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले इस रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, तथा पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी की विशेष उपस्थिति होंगी।**

राज्यमंत्री लोधी ने बताया कि मध्य



प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ–साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित की जा रहा है। ग्वालियर के पर्यटन श्रेत्र में निवेश को नया आयाम मिलेगा। 'टाइमलेस ग्वालियरः इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ लेगेसी' थीम पर आधारित ये कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि कॉन्क्लेव में होटल, रिसोर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) प्रदान किए जाएंगे, एमओयू एवं अनुबंध होंगे। इन परियोजनाओं से स्थानीय समुदाय को पर्यटन आधारित रोजगार प्राप्त होगा और क्षेत्रीय पर्यटन को स्थायित्व के साथ बल मिलेगा। क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं होंगी। विशेष पर्यटन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों, पर्यटन इकाइयों, हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स, होम स्टे, रिसॉर्ट्स, हैंडलूम/हैंडीक्रॉफ्ट, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहरों को समर्पित स्टॉल लगाए जाएंगे।

प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में दो महत्वपूर्ण सत्र होंगे। "टूरिज्म इज अ कल्चरल ब्रिज– ब्रांडिंग ग्वालियर एंड हार्टलैंड ऑफ एमपी" विषय पर पैनल डिस्कशन होगा। इसमें ग्वालियर की सांस्कृतिक धरोहर, शास्त्रीय संगीत और स्थापत्य कला को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की रणनीतियों पर विचार होगा। दूसरा पैनल डिस्कशन 'ग्वालियर एंड चंबल राइजिंग– इनबाउंड अपील थ्रू हेरिटेज, लग्जरी एंड एक्सपीरियंस' विषय पर केंद्रित होगा, इसमें विरासत, लग्जरी स्टे, डेस्टिनेशन वेडिंग और अनुभवात्मक पर्यटन जैसे नए आयामों पर संवाद होगा।

## भिंड, मुरैना, दतिया में बाढ़ का अलर्ट, भारी बारिश के चलते ग्वालियर में स्कूलों में छुट्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में भारी बारिश के चलते भिंड, मुरैना, दतिया में बाढ़ के हालात हैं। ग्वालियर में तो सोमवार को स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। मौसम विभाग ने भोपाल-उज्जैन, जबलपुर-सागर समेत कुल 22 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट में भारी बारिश होने का अनुमान है। इंदौर, भोपाल समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। प्रदेश में रविवार को 30 जिलों में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। सबसे ज्यादा पौन इंच बारिश उमरिया में हुई।

# हुकुमचंद मिल में रातों रात पेड़ों की कटाई शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के हुकुमचंद मिल परिसर में पेड़ों की कटाई के विरोध में पर्यावरणविद् आंदोलन तेज करेंगे। आज मिल परिसर में पेड़ों की कटाई की जानकारी मिलते ही कई पर्यावरणविद् परिसर में पहुंचे। इसके बाद aaj इसी जगह पर 1.30 बजे प्रेस वार्ता आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

अजय लागू, अरविंद पोरवाल और अन्य पर्यावरणविदों ने बताया कि शनिवार 23 अगस्त की रात को इंदौर शहर के प्राकृतिक जंगल हुकुमचंद मिल परिसर में तीन बड़े पेड़ों को उखाड़ा गया। जेसीबी मशीन की सहायता से यह सभी पेड़ उखाड़े गए। यह तीनों पेड़ परिसर में की गई पेड़ों



की गई गणना में सम्मिलित हैं। इन पर नंबर भी अंकित किए गए थे। इन पेड़ों पर 2, 28 एवं 32 नंबर डले थे। क्रूरता के साथ इंदौर शहर की प्राणवायु और इन जंगलों को धीरे-धीरे नष्ट किया जा रहा है। जिस तरह से रात के अंधेर में पेड़ों को काटा जा रहा है यह प्रशासन के पर्यावरण एवं जनता के प्रति गैरजिम्मेदाराना व्यवहार को भी दर्शाता है। इससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि प्रशासन किसी भी हद तक जाकर अपने गलत निर्णय को क्रियान्वित करना चाह रहा है। इंदौर का यह प्राकृतिक जंगल शहरवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह शहर को जिंदा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता आ रहा है। अजय लागू, अरविंद पोरवाल और अन्य पर्यावरणविदों ने बताया कि कल सोमवार 25 अगस्त को हुकुमचंद मिल परिसर, शिव मंदिर में 1.30 बजे प्रेस वार्ता रखी गई है। जहां पर पेड़ों की रातों रात कटाई की गई वहीं पर प्रेस वार्ता रखी गई है ताकि यह बताया जा सके कि किस तरह से प्रशासन रात के अंधेरे में पेड़ों को चुपके से काट रहा है। हुकुमचंद मिल का प्राकृतिक रूप से बना आखिरी जंगल अब कटने की कगार पर है। इस जंगल के नष्ट होने से इंदौर के पर्यावरण, जलवायु और पारिस्थितिकी पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। इस विषय पर शहर के प्रमुख पर्यावरणविद् अपने विचार रखेंगे तथा पिछले एक वर्ष से चल रहे जंगल बचाओ आंदोलन और आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा करेंगे।

# खजराना गणेश को लगेगा सवा लाख लड्डू व मोदकों का भोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



इंदौर। प्रसिद्ध खजराना गणेश में गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। दस दिनी गणेश उत्सव इस सप्ताह से शुरू होगा। पहले दिन खजराना गणेश को सवा लाख लड्डू व मोदकों का भोग लगेगा। कारिगरों ने लड्डू का निर्माण मंदिर परिसर में शुरू कर दिया है। गणेश चतुर्थी के पहले दिन खजराना मंदिर में फूल बंगला भी सजाया जाएगा और दर्शन व्यवस्था चलित रहेगी। दस दिन मंदिर में हजारों की संख्या में दर्शक आते है। खजराना गणेश मंदिर जाने वाले मार्ग को भी नगर निगम ने ठीक किया है। गणपति बप्पा की मूर्ति के लिए चांदी का मुकुट भी बनाया गया है। जल्दी ही सोने के मुकुट भी तैयार होगा। पिछले दिनों गृभगृह की चांदी की दीवारों को भी ठीक किया गया था।

शहर में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। कई स्थानों पर गणेश पांडलों का काम लगभग पूरा हो गया है। पश्चिम क्षेत्र के वैशाली नगर में दस दिन विशेष कार्यक्रम होते है। इसके अलावा नंदानगर में भी दस दिन प्रसादी वितरित की जाएगी और महाआरती होगी। यहां मूर्ति बनाने के लिए बंगाल से कलाकार आए है।पालदा क्षेत्र में भी गणेशोत्सव मनाया जाएगा। शहर में 100 से ज्यादा स्थानों पर सार्वजनिक गणेश स्थापना होगी। उधर मिल श्रमिकों ने भी झांकियों का निर्माण शुरू कर दिया है। अनंत चतुर्दशी को शहर में झांकियां निकलती है।

# अरविंद और आर्यन के दिल की इंदौर में होगी मुफ्त सर्जरी

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर इंदौर संभाग के खरगोन जिले के सिरवेल में द्वितीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। संभाग स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुँचे। शिविर में सोनोग्राफी मशीन, मेमोग्राफी मशीन, ईसीजी मशीनों के माध्यम महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जाँच के बाद नागरिकों को निःशुल्क दवाईयाँ प्रदान की गयीं और साथ ही उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में इंदौर के शंकरा नेत्र हॉस्पिटल के अलावा अरविंदो अस्पताल सहित विभिन्न शासकीय और निजी चिकित्सालयों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का उपचार किया। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशन में जिले के करीब 100 से अधिक इंदौर के चिकित्सकों के मार्गदर्शन में कार्य किया। खरगोन जिले के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र सिरवेल में पहली बार ऐसा देखा गया, जहां न सिर्फ विशेषज्ञ चिकित्सक बल्कि अत्याधुनिक स्तर की मशीनों के द्वारा मरीजों की आवश्यक जांच के बाद उपचार हुआ। शिविर में आधुनिक मशीनों से उच्च रक्तचाप, कैंसर, डायबिटीज, दंत रोग, नेत्र रोग, थाईराईड आदि रोगों की निःशुल्क जाँचे की गयी। क्षेत्र के ऐसे नागरिक जो ठीक से जिला चिकित्सालय नहीं पहुँच पाते थे। आज उनके पास गांवों में इंदौर के विशेषज्ञ डॉक्टर स्वास्थ्य उपचार के लिए पहुँचे। इंदौर सम्भागायुक्त श्री दीपक की पहल पर संचालित ऐसे निःशुल्क शिविर नवम्बर माह तक जनजातीय क्षेत्रों में आयोजित होंगे। इसी श्रृंखला में रविवार को सिरवेल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। सीएमएचओ डॉ. एमएस सिसोदिया ने बताया कि शिविर में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक कुल 2777 मरीजों का पंजीयन किया गया। सिरवेल के वन परिक्षेत्र कार्यालय में प्रांगण में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में चिरमुंडी के 23 वर्षीय करण पिता नानजीया अपने छाती के दर्द की समस्या की जांच के लिए पहुँचे थे। यहां उन्होंने पहले ईसीजी की जांच कराई। करण ने बताया कि निःशुल्क जांच करवाकर उन्हें मानसिक रूप से राहत मिली और इलाज कराने का अनुभव मिला है। उनका उपचार अरबिंदो हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कुशाग्र टंडन ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर में दिल से जुड़ी सभी जांचें की जा रही हैं।

# नगर निगम की कचरा गाड़ी ने मां-बेटियों को मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। घर-घर कचरा उठाने वाले वाहनों की रफ्तार भी बेलगाम होती जा रही है। वाहन चालक संकरी गलियों में भी वाहन तेजी से निकालते है। एक कचरा वाहन को उसका चालक ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी में तेज रफ्तार से चल रहा था।**

स्टेयरिंग पर उसका नियंत्रण नहीं रहा और उसने घर के बाहर फुटपाथ पर खड़ी मां और दो बेटियों के समीप खड़े दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इससे दोनो मां-बेटियां गिरकर घायल हो गई। इस मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया है। कचरा गाड़ी से हुई टक्कर का वीडियो वायरल हुआ है। घर के बाहर फुटपाथ पर महिला शिल्पा अपनी दो बेटियों के साथ खड़ी थी। वह दोनों बच्चियों को कोचिंग छोड़ने के लिए स्कूटर घर से बाहर निकालने लगी। तभी एक कचरा वाहन गली से गुजरा फुटपाथ की तरफ आते हुए उसने स्कूटर को टक्कर मार दी। इससे शिल्पा और दोनो बेटियां गिर पड़ी। उनके हाथ और पैर में चोट आई है। तीनो घर के गेट से टकरा गई। इसके बाद वाहन चालक ने पास में खड़ी कार को भी टक्कर मारी और फरार हो गया। चालक के नहीं पकड़े जाने से यह पता नहीं चल पाया कि उसने जानबूझ कर कट मारा, या गलती से टक्कर हुई। रहवासियों के साथ प्रभावित परिवार पलासिया थाने पहुंचा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने आवेदन लेकर औपचारिकता निभाई। अभी तक केस दर्ज नहीं हुआ।

विद्या ही ज्ञान का मार्ग है...

# जरूरतमंद छात्र छात्राओं को शिक्षा सहायता वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। दिगंबर जैन आम समाज संगठन, श्रुति फाउंडेशन द्वारा परम पूज्य सारस्वत कवि श्रमणाचार्य 108 श्री विभवसागर जी महामुनिराज ससंघ के पावन सानिध्य में आयोजित जैन समाज के जरूरतमंद छात्र छात्राओं को शिक्षा सहायता वितरण**

कार्यक्रम नेमीनाथ दिगंबर जैन मन्दिर, नेमीनगर (जैन कॉलोनी) में आयोजित हुआ। संगठन प्रमुख इंद्रकुमार वीणा सेठी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जैन समाज के 400 छात्र छात्राओं को शिक्षा सहायता छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षा सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को आशिर्वाद प्रदान करते हुए परम पूज्य सारस्वत कवि श्रमणाचार्य 108 श्री विभव सागर जी महाराज ने कहा कि आज के बच्चे देश व समाज का उज्जवल भविष्य है। विद्या ही ज्ञान का मार्ग है। ज्ञान दान जन्म जन्म तक साथ रहता है। ज्ञान दान से भगवान रुपी हो जाता है। आज बच्चों के हाथ में किताब पेन से बच्चों में संस्कार समा जाते है, दया वात्सल्य, प्रेम की भावना जागृत होती है। माता पिता का संस्कारी व्यवहार से बच्चों में भी संस्कार समा जाते है। आपने बच्चों को भारत देश के लिए जिओ, पढ़ो, और विकास के लिए हमेशा समर्पित रहो का संकल्प दिलाते हुए कहा की शिक्षा दान का जो महान कार्य दिगंबर जैन आम समाज संगठन के प्रमुख संयोजक श्रीमान इंद्रकुमार वीणा सेठी परिवार कर रहे है वो सराहनीय है। यह महा पुण्य दान है। दिगंबर जैन आम समाज संगठन व श्रुति फाउंडेशन द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शहर भर से आये आवेदन द्वारा करीब 400 विद्यार्थीयों को उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। इस अवसर पर हसमुख जैन गांधी, अशोक मेहता, कैलाश लुहाड़िया, कांतिलाल बम, प्रकाश छाबड़ा, पूनमचंद सतभैया, अनिल जैनको, प्रदिप बड़जात्या, सनत गंगवाल, संजय कासलीवाल, प्रेमचंद काला, बुरहानुद्दीन शकरुवाला सहित बड़ी संख्या मे समाज श्रेष्ठि जन उपस्थित हुए।साथ ही संगठन के सभी क्षेत्रीय संयोजक साथियों ने भी व्यवस्था में अपना पूरा सहयोग प्रदान किया। वीणा सेठी, सुप्रिया सेठी, अपूर्व जैन,ने मंगलाचरण ने किया। संचालन चिराग जैन ने किया। अंत में आभार अंकूर सुप्रिया सेठी ने माना।

# नेपाली संस्कृति परिषद की इंदौर इकाई का तीज महोत्सव संम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)





इंदौर। सदर बाजार स्थित पुलिस सामुदायिक भवन में कल नेपाली संस्कृति परिषद की इंदौर इकाई का हरतालिका तीज महोत्सव पूरे हर्षोल्लास व जोर शोर से मनाया गया जिसमें सभी महिलाओं ने भगवा रंग की साड़ी की थीम रखी थी इस अवसर पर सांस्कृतिक आयोजन भी हुआ जिसमें गाना बजाने के अलावा महिलाओं का फैशन शो भी हुआ जिसमें करीब 20 प्रतिभागियों में से चुन कर अंतिम 5 को पुरस्कृत किया गया जिस प्रतिभागी ने जजों के प्रश्नों के सटीक व बेहतर जवाब दिया वो मिसेस तीज क्वीन चुनी गई।इस आयोजन में संस्था की दिव्या राणा का विशेष सहयोग रहा और उन्होंने फैशन शो में द्वीतीय स्थान ग्रहण करा। कार्यक्रम में संस्था 'आदित्य'के संयोजक सचिन नीमा व प्रवीण मोर्य का भी विशेष नेपाली दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया गया।श्री नीमा ने संस्था के इस भव्य व सांस्कृतिक आयोजन के लिये संस्था के पदाधिकारियों को बधाई भी प्रेषित की।

# 10 बजे शुरू होगी चौपाटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर की सराफा चौपाटी खान पान के लिए पूरी दुनिया में लोकप्रिय है। पिछले कुछ दिनों से यहां की 120 दुकानों को हटाने की मांग जोरों पर है। सराफा एसोसिएशन का कहना है कि 80 पारंपरिक खान पान की दुकानों को छोड़कर बाद में लगी 120 दुकानों को हटाया जाना चाहिए। सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सोनी ने कहा कि चौपाटी का बाजार 10 बजे बाद लगने पर सहमति बन रही है। दुकानों को हटाने पर अभी सहमति नहीं बनी है। हमारी मांग तो यही है कि पूरी चौपाटी हटना चाहिए। सुरक्षा और स्वच्छता के मुद्दे पर भी हम पूरी तरह सख्त हैं। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं चलेगी।

# RSS की नई योजना से बड़ा बदलाव देखेगा समाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के केंद्रीय पदाधिकारी भैयाजी जोशी शनिवार को इंदौर पहुंचे। यहां उन्होंने संघ के अनुषांगिक संगठनों के चुनिंदा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लंबी बैठकें कीं। मुख्य एजेंडा संघ के शताब्दी वर्ष (2025-26) के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना रहा।**

बैठक में तय किया गया कि 21 सितंबर से 5 अक्टूबर तक विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही, संघ पहली बार 15 से 30 वर्ष तक के स्वयंसेवकों के लिए युवा शिविर आयोजित करेगा। इसके अतिरिक्त, 1 से 15 जनवरी तक हिंदू सम्मेलन होंगे। संघ शताब्दी वर्ष के दौरान 10 दिन का घर-घर संपर्क अभियान भी चलाएगा। स्वयंसेवक गांवों, बस्तियों और शहरों में जाकर




नागरिक संवाद कार्यक्रम करेंगे। हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किसानों, व्यापारियों, महिलाओं और प्रोफेशनल्स को भी आयोजनों से जोड़ा जाएगा। बैठक में भैयाजी जोशी ने कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने प्रचारकों और स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि गांवों में शाखाओं की संख्या बढ़ाई जाए और विश्वविद्यालयों व उच्च शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों और प्रोफेशनल्स को संघ से जोड़ा जाए। बैठक में पंच परिवर्तन, शाखाओं के विस्तार और सेवा कार्यक्रमों पर विशेष चर्चा हुई। संघ ने युवाओं की सुविधा के अनुसार शाखाओं की टाइमिंग एडजस्ट करने का निर्णय लिया, ताकि सुबह से लेकर शाम तक कभी भी शाखाएं लगाई जा सकें। बैठक में बजरंग दल, विहिप, भाजपा, सेवा भारती सहित संघ परिवार के कई संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

## झांसे में आकर बस ड्राइवर और मजदूर से खुलवाए अकाउंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम पुलिस ने एक बस ड्राइवर और उसके मजदूर साथी की शिकायत पर एक युवक और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ बैंक खाते खुलवाकर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार, आरोपी बैंक अकाउंट खुलवाने पर प्रति खाते 2 हजार रुपए देने और ट्रांजैक्शन पर कमीशन देने का झांसा दे रहा था। बाद में उन्हीं खातों का इस्तेमाल साइबर फ्रॉड में किया गया। शिकायतकर्ता वसीम शाह निवासी राजकुमार नगर (धार) ने बताया कि करीब एक माह पहले वह अपने दोस्त सरफराज के साथ धार रोड पर चाय पीने गया था। वहां लक्ष्य उर्फ लाशय (निवासी एलएन सिटी) उनसे मिला और खुद को ऑनलाइन बिजनेस से जुड़ा बताते हुए अकाउंट की जरूरत बताई। उसने अकाउंट खोलने पर 2 हजार रुपए और अधिक खाते खुलवाने पर अतिरिक्त कमीशन देने की बात कही। लक्ष्य के कहने पर वसीम और सरफराज ने अपने आधार और पैन कार्ड दे दिए। इसके बाद इंडियन बैंक कालानी नगर में उनके खाते खुलवाए गए। बैंक से मिली पासबुक और एटीएम भी आरोपी ने अपने पास रख लिए। कुछ दिनों बाद खातों में संदिग्ध ट्रांजैक्शन होने लगे। जब पुलिस की जांच में यह सामने आया तो दोनों से पूछताछ की गई। उन्होंने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि लक्ष्य ने धोखाधड़ी की है। इसके बाद पुलिस ने लक्ष्य और उसके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कई युवक तेज बारिश के बीच कुंड में नहाने उतर गए

### पुलिस टीम ने डंडे की मदद से बाहर निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के आसपास रविवार को बारिश के चलते पिकनिक स्पॉट पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कई युवक तेज बारिश के बीच कुंड में नहाने उतर गए। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उन्हें समझाइश दी और कुछ युवकों को डंडे की मदद से बाहर निकाला।**

डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि पुलिस ने कुछ दिन पहले ही बारिश के दौरान पिकनिक स्पॉट पर न जाने और पानी में न उतरने की एडवाइजरी जारी की थी। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचे और अपनी जान जोखिम में डालकर गहरे पानी में उतर गए। चौधरी के अनुसार, शहर से बड़ी



संख्या में पर्यटक पिकनिक स्पॉट पर आते हैं। रविवार को भीड़ अधिक होने से सुरक्षा खतरा बढ़ गया था। ऐसे में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को बाहर निकाला और पिकनिक स्थलों को खाली कराया। बारिश के कारण चोरल और महू रोड पर भीड़ बढ़ने से जाम की स्थिति बन गई। हालात संभालने के लिए ग्रामीण पुलिस ने यहां अतिरिक्त कांस्टेबल की तैनाती की है। दोपहर से ही जाम लगना शुरू हो गया था और देर रात तक वाहन चालक परेशान होते रहे।

## युवक से एनजीओ के नाम पर 50 लाख ठगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर पुलिस ने खेती-किसानी से जुड़े एक युवक से 50 लाख रुपए की ठगी के मामले में एक युवती सहित 6 लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपियों में पीड़ित का एक पुराना दोस्त और उसके रिश्तेदार भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, समरथ पाटीदार, निवासी ग्राम लालखेड़ी (जावरा) ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसके साथ एक फर्जी एनजीओ स्कीम के नाम पर ठगी की गई। शिकायतकर्ता समरथ का कहना है कि उसका दोस्त देवपाल सिंह ने उसकी मुलाकात सोनू सिंह से करवाई थी। सोनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक एनजीओ स्कीम के तहत 50 लाख रुपए निवेश करने पर 70 लाख रुपए रिटर्न देने का झांसा दिया। दावा किया गया कि यह रकम आफको कंपनी की ओर से मिलेगी और एनओसी भी जारी की जाएगी।

### धोखाधड़ी में शामिल है ये आरोपी

सोनू सिंह उर्फ महिपाल (निवासी कोटा), महेन्द्र सिंह (जयपुर), राजवीर, अश्विनी (मुंबई), सुधीर, मुरानी, देवपाल सिंह। 3 अगस्त को समरथ को इंदौर के आर्बिट मॉल में मीटिंग के लिए बुलाया गया, जहां 1 लाख रुपए टोकन राशि के रूप में देने के लिए कहा गया।4 अगस्त को समरथ ने 50 हजार रुपए नकद दिए,और 5 अगस्त को 50 हजार रुपए RTGS के माध्यम से महेन्द्र सिंह को ट्रांसफर किए। इसके बाद समरथ ने अपने रिश्तेदारों से 11 अगस्त तक करीब 50 लाख रुपए इकट्ठा किए।12 अगस्त को मुरानी ने उसे फिर से जावरा से इंदौर बुलाया।इंदौर के आर्बिट मॉल स्थित आरके इंटरप्राइजेज ऑफिस में मुरानी और सुधीर ने पैसे लेकर अपने पास रख लिए। इसके बाद आरोपियों ने समरथ को भरोसा दिलाया कि 3 दिनों में उसके खाते में 70 लाख रुपए आ जाएंगे। लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार बहाने बनाना शुरू किया और 10 दिन तक पीड़ित को गुमराह करते रहे।आरोपियों ने कहा कि भुगतान मुरानी और अश्विनी की ओर से अकाउंट में ट्रांसफर किया जाएगा, लेकिन शनिवार तक कोई रकम नहीं आई। जब पीड़ित ने कॉल करना शुरू किया, तो आरोपियों ने अपने मोबाइल नंबर बंद कर दिए। .

# फ्लैट में मुस्लिम युवकों के साथ मिली युवती, पुलिस ने कार्रवाई कर छोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तेजाजी नगर स्थित एक बिल्डिंग में 3 युवक और एक युवती को फ्लैट में आपत्तिजनक हरकतें करने के मामले में हिंदूवादियों ने उनकी पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले का वीडियो रविवार को सामने आया। घटना शुक्रवार रात की है।

बिल्डिंग से पकड़ाए युवक सेज यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट है जो असम के रहने वाले है। उनके साथ एक यूट्यूबर लड़की भी मिली। कमरे से हिंदूवादियों ने आपत्तिजनक वस्तुएं मिलने का आरोप लगाया है। इधर पुलिस ने पूछताछ और परिवार के बयान के बाद सभी को छोड़ दिया। बजरंग दल कार्यकर्ता राम दांगी ने



बताया कि, उन्हें सूचना मिली कि ओमेक्स हिल कॉलोनी में वीडियो प्रोडक्शन कंपनी चलाने के नाम पर तीन मुस्लिम युवक एक कमरे में हिंदू लड़की के साथ रह रहे हैं। सूचना मिलते ही कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। पूछताछ में युवकों ने अपने मुस्लिम नाम छुपाते हुए लड़की का परिचय भी मुस्लिम नाम से दिया। लेकिन जब मोबाइल चेक किया गया तो युवती हिंदू निकली। पकड़ाए युवक असम के रहने वाले है। इसमें से दो छात्र सेज यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे है। हिंदूवादियों का आरोप था कि वह हिंदू छात्राओं को टारगेट करते है। हिंदूवादियों ने आरोप लगाए कि उनके मोबाइल में आधा दर्जन से अधिक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी मिलीं है। सभी में हिंदू नामों का इस्तेमाल किया गया था। उनके फोन से गरबा कार्यक्रमों में हिंदू लड़कियों के साथ खींची गई फोटो और वीडियो भी मिली है।। युवती को युवक इख्तियार असम से इंदौर लेक आया है। बजरंग दल के लोगों को कमरे की तलाशी में आपत्तिजनक दवाई और चीजें मिली थी।

मामले में तेजाजी नगर टीआई देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि घटना शुक्रवार रात डेढ़ बजे की है। ओमेक्स हिल कॉलोनी पर प्वांइट मिलने पर वह पहुंचे थे। यहां रहने वाले दो लड़के सेज यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे है। जो असम के बरपटा ग्राम के रहने वाले है। वहीं एक युवक और यूट्यूबर युवती वहां से वीडियो बनाने के लिए इंदौर आए थे। हिंदूवादी संदिग्ध जानकारी पर यहां पहुंचे। लेकिन जब युवती को थाने लाया गया तो उसने बयान में किसी तरह की घटना अपने साथ नहीं होने की बात कही। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग में रहने वाले एक व्यक्ति भरत चौहान ने उसे वीडियो बनाने के लिए इंदौर बुलाया था। जो 15 दिन के शूट के बाद वापस असम आने वाली थी। हालाकि हिंदूवादी इस मामले में एफआईआर कराने थाने नहीं आए।

फूल माली समाज के राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# बच्चे देश की धरोहर, इनकी प्रतिभाओं को संवारना हम सबका दायित्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनमें निहित असीमित प्रतिभाओं को निखारना और आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। बच्चों और युवाओं की प्रतिभाएं ही देश को विकास पथ पर आगे ले जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चे खूब पढ़े-लिखें और अपना भविष्य संवारें, सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रायमरी कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हमारी सरकार छात्रवृत्ति दे रही है। सबके रोजगार की व्यवस्था भी हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम 1 लाख पदों पर भर्ती करने जा रहे हैं। अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेंगे। पुलिस की भर्तियां भी जारी हैं। इस साल 7500 पदों पर भर्तियां निकाली हैं। पुलिस की भर्ती के लिए अलग से पुलिस भर्ती बोर्ड भी बनाया जा रहे हैं। अगले तीन साल में हर साल 7500 पदों पर भर्ती कर हम पुलिस विभाग के सभी रिक्त पदों की पूर्ति कर लेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल स्थित हिन्दी भवन में फूल माली समाज के 16वें राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले फूल माली समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को मंच से प्रशस्ति-पत्र और सम्मान निधि देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फूल-माली समाज के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पुष्प कलाकारी (फ्लॉवर डेकोरेशन) को बढ़ावा दे रही है। अभी हाल ही में जन्माष्टमी में सरकार ने सभी श्री कृष्ण मंदिरों में पुष्प सज्जा के लिए आकर्षक पुरस्कार भी घोषित किए। उन्होंने कहा कि पुष्प और संस्कार दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जिस तरह फूल सभी को प्रिय हैं, उसी प्रकार फूल-माली समाज भी सबका प्रिय है। खेती-किसानी और बागवानी का चोली-दामन का साथ है। किसान खेत में परिश्रम करता है और फूल माली समाज बागों में। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बागवानी संवर्धन के लिए भी राज्य सरकार अनेक कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फूल माली समाज ने अपने परिश्रम, लगन और कर्मठता से एक अलग पहचान बनाई है। समाज के बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा से न केवल प्रदेश, बल्कि देश-विदेश में भी नाम रोशन किया है। ऐसे होनहारों का सम्मान करना वास्तव में हम सबके लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने बच्चों और युवाओं को कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी से अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वे बड़ा करने का सपना देखें। सपने पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार हमेशा उनके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार समाज के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्वरोजगार, व्यवसाय के साथ पुष्प श्रृंगार कला को और अधिक संवर्धन पर ध्यान दे रही है। राज्य सरकार सबका साथ-सबका विकास के साथ-साथ सबका विश्वास-सबका प्रयास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। विकास की धारा से किसी भी समाज को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। स्वागत उद्बोधन में फूल माली समाज के प्रादेशिक पदाधिकारी श्री हरिनारायण माली ने बताया कि समाज का यह 16वां प्रतिभा सम्मान समारोह है। समाज की गतिविधियों के विस्तार के लिए सरकार का साथ चाहिए। समारोह में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक श्री भगवान दास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, समाजसेवी श्री रविन्द्र यति, श्री जी.पी. माली, श्री हरिनारायण माली, श्री भगवान भाई माली, श्रीमती शांति, श्री गीता प्रसाद,श्री नरेन्द्र राहुल सहित समाज के अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाजजन एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## 30 जिलों में कही हल्की तो कही तेज बारिश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मानसून ट्रफ लाइन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) की वजह से मध्यप्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है। 30 जिलों में कही हल्की तो कही तेज बारिश हुई। सबसे ज्यादा पौन इंच पानी उमरिया में गिरा। इसके अलावा भोपाल, बैतूल, दतिया, गुना, ग्वालियर, सीहोर, शाजापुर, राजगढ़,विदिशा, देवास, इंदौर नर्मदापुरम, रतलाम, शिवपुरी, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, छतरपुर, रीवा, सागर, हरदा, मंडला, मुरैना, श्योपुर, सतना, सीधी, टीकमगढ़, बालाघाट समेत कई जिलों में भी हल्की बारिश जारी रही। रविवार को डिंडौरी में नर्मदा नदी उफान पर रही। इससे नर्मदा किनारे घाट डूब गए। खरमेर नदी में बाढ़ के चलते डिंडौरी-अमरपुर मार्ग बंद हो गया। मंडला में भी नर्मदा का जलस्तर बढ़ने से महिष्मति घाट का छोटा रपटा पुल डूब गया। सतना में 3.7 बारिश के बाद बाढ़ के हालात बन गए। निचली बस्तियां डूब गईं। घरों में पानी भर गया। चित्रकूट में तेज बहाव के चलते गुप्त गोदावरी गुफा बंद करानी पड़ी।

## मुस्लिम युवक के पास अचानक आया प्रेमानंद महाराज के दफ्तर से कॉल, ठुकराया बड़ा ऑफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इटारसी, एजेंसी। वृंदावन के प्रसिद्ध संत एवं प्रवचनकर्ता प्रेमानंद जी महाराज को अपनी एक किडनी दान करने का प्रस्ताव भेजकर सुर्खियों में आए इटारसी निवासी युवक आरिफ चिश्ती के पास प्रेमानंद जी के दफ्तर से एक कॉल आया है।**

युवक का कहना है कि भविष्य में वह एक बार वृंदावन जाकर प्रेमानंद जी के दर्शन का लाभ लेंगे, यदि प्रेमानंद जी की अनुमति मिलती है तो वह उनके लिए अपनी किडनी भी दान करने को तैयार हैं। अपने उपदेश के जरिए लोगों को सही रास्ता बताने वाले प्रेमानंद जी देश-विदेश में विख्यात हैं। प्रेमानंद जी महाराज लंबे समय से किडनी संक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रेमानंद जी के प्रवचन खासे लोकप्रिय हैं, लाखों लोग उन्हें फॉलो करते हैं। खास तौर पर युवाओं में तेजी से उनके प्रति रुझान बढ़ रहा है। न्यास कालोनी निवासी आरिफ खान चिश्ती वल्द जमील खान चिश्ती ने अपने भावनात्मक पत्र में प्रेमानंद जी के आचरण और व्यवहार से प्रभावित होकर अपनी किडनी दान करने की इच्छा जताई है। चिश्ती ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया के जरिए संत की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त हुई, जिसके बाद वे व्यथित हैं, उन्होंने स्वेच्छा से किडनी दान करने की पेशकश की है। चिश्ती ने श्री हित राधा केली कुंज आश्रम वृंदावन के पते पर अपना पत्र भेजा है। पत्र में चिश्ती ने लिखा है कि संत प्रेमानंद जी देश में हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक हैं। आज के नफरती दौर में उनका संसार में रहना आवश्यक है। मैं रहूं या न रहूं, लेकिन उनकी समाज और संसार को जरूरत हैं। चिश्ती ने बताया कि वे कंसल्टेंसी फर्म का संचालन करते हैं, कई सालों से बेसहारा लाशों के कफन दफन का प्रबंध भी वे एक एनजीओ के माध्यम से कर रहे हैं। चिश्ती ने कहा कि वह संत प्रेमानंद जी के फैन हैं, उन्हें संत की वाणी प्रेरित करती है, उनकी इच्छा है कि वह एक बार वृंदावन जाकर प्रेमानंद जी के दर्शन करें।



## रिटायर्ड डीएसपी को परिवार ने रस्सी से बांधकर घसीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी में पत्नी-बेटों ने रिटायर्ड डीएसपी से मारपीट की। उनके पैर रस्सी से बांधे, घसीटा। एक बेटा उनके सीने पर बैठ गया, दूसरे ने पैर पकड़कर खींचे। शोर-शराबा सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो पत्नी-बेटे, रिटायर्ड डीएसपी का एटीएम कार्ड और मोबाइल छीनकर भाग निकले। मामला जिले के भौंती थाना इलाके में चंदावनी गांव का है। 62 साल के प्रतिपाल सिंह यादव बीती 31 मार्च को श्योपुर जिले में महिला सेल के डीएसपी पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन देकर मोबाइल और एटीएम वापस दिलाने की मांग की है। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

## ट्रेन से कटा प्रेमी जोड़ा, दो दिन पहले घर से भागे, फिर शादी की थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** बैतूल में एक युवती ने ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। उसे बचाने आया उसका प्रेमी भी ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी भी मौत हो गई। दोनों ने दो दिन पहले ही घर से भाग कर शादी की थी। ये घटना जिले के बरबतपुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात करीब 2 बजे की है। शाहपुर टीआई मुकेश ठाकुर ने बताया मृतक की पहचान गौनापुर निवासी शिवकुमार परते (20) के रूप में हुई। युवती अनिता हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के बेरा गांव की रहने वाली थी। युवती के परिजन ने टिमरनी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। युवक-युवती दो दिन पहले घर से भाग गए थे। दोनों ने इटारसी में शादी की थी और फिर युवक के घर गौनापुर लौट आए थे। शिवकुमार प्राइवेट नौकरी करता था। घटना वाली रात शिवकुमार की मां धार्मिक यात्रा से घर लौटी थी। उसने बेटे को युवती के साथ देखा तो घर में विवाद हुआ था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रात में युवती अचानक ताप्ती एक्सप्रेस ट्रेन के आगे आ गई। उसे बचाने की कोशिश में शिवकुमार भी ट्रेन की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद दोनों के शव पटरी पर करीब 100 मीटर तक बिखर गए।

## चलती स्कॉर्पियो पर गिरा पेड़, रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी व पत्नी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी।** रविवार को चित्रकूट जिले के कर्वी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कालूपुर, सुखनंदनपुर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाइवे-35 (NH-35) पर तेज हवा के चलते चलती स्कॉर्पियो पर अचानक एक विशाल महुआ का पेड़ गिर गया, जिससे कार में सवार बुजुर्ग दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान बांदा जिले के झीलपुरवा निवासी रिटायर्ड IFS अधिकारी दुर्गा प्रसाद द्विवेदी (उम्र लगभग 70 वर्ष) और उनकी पत्नी मधु द्विवेदी के रूप में हुई है। दोनों पति-पत्नी किसी पारिवारिक कार्य से स्कॉर्पियो वाहन से जा रहे थे। हादसे में गाड़ी में सवार अन्य तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस दुखद हादसे से क्षेत्र में शोक है। प्रशासन ने मृतकों के परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है. हादसे की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

## संपादकीय

# डेंगू से एक ही डोज में मिलेगी सुरक्षा

डेंगू से बचाव के लिए भारत में बनाई गई पहली स्वदेशी वैक्सीन 'डेंगीऑल' का तीसरे चरण का बड़ा ट्रायल अब अंतिम दौर में है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह वैक्सीन डेंगू के चारों स्ट्रेन पर असरदार होगी और एक ही डोज में सुरक्षा देगी। बता दें कि अब तीसरे चरण का ट्रायल जारी है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के मुताबिक, इस ट्रायल में कुल 10,500 लोगों को शामिल किया जाना है। इनमें से अब तक 8,000 लोगों पर परीक्षण पूरा हो चुका है। इनका नामांकन और टीकाकरण अक्टूबर 2025 तक पूरा हो जाएगा। यह ट्रायल देशभर के 20 केंद्रों पर चल रहा है पुणे, चेन्नै, दिल्ली, कोलकाता और भुवनेश्वर जैसे बड़े शहर इसमें शामिल है। वैक्सीन बायोटेक कंपनी पैनासिया बायोटेक ने विकसित की है। इसकी सबसे खास बात यह है कि इसे सिर्फ एक बार लगवाने पर ही डेंगू से बचाव होगा। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने बताया कि पैनासिया बायोटेक ने शुरु में नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ की तकनीक से काम शुरु किया था। लेकिन अब उन्होंने इसे पूरी तरह से स्वदेशी रुप दिया है। यह वैक्सीन डेंगू के चारों प्रकार पर असरदार है। पहले और दूसरे चरण में यह सुरक्षित साबित हुई है। शरीर में प्रतिरोधक क्षमता पैदा करने में सफल रही है। अब तीसरे चरण का ट्रायल जारी है। ट्रायल में शामिल लोगों को या तो असली वैक्सीन दी जा रही है या फिर प्लेसीबो (नकली डोज)।

## OSHO कहिन

**"यदि आप अपनी वर्तमान स्थिति से असंतुष्ट हैं, तो बदलें।"**



## सैर सपाटा

# मुंबई में गणेश उत्सव देखने जा रहे तो इन जगहों की सैर भी जरूर कर लें

### नहीं तो अधूरी रह जाएगी ट्रिप



गणेश उत्सव नजदीक है। केवल मुंबईकर ही नहीं बल्कि यहां बाहर से आने वाले टूरिस्ट भी उत्सव का लुत्फ उठाते हैं। काफी सारे लोग इस मौके पर मुंबई घूमने का प्लान बना रहे होंगे। अगर आप गणेश उत्सव के मौके पर मुंबई जा रहे हैं तो यहां के कुछ फेमस टूरिस्ट प्लेसेज को जरूर देख लें। जिसे देखे बिना आपकी मुंबई ट्रिप अधूरी ही रह जाएगी और आप बोलेंगे किसी ने बताया ही नहीं। वैसे तो मुंबई में जुहू, चौपाटी, गेटवे ऑफ इंडिया तो सभी जानते हैं। लेकिन इसके अलावा भी कुछ मंदिर और खूबसूरत प्लेसेज हैं जहां आपको जरूर जाना चाहिए।

### ◆ मुंबा देवी मंदिर

मुंबई का मुंबा देवी मंदिर मां लक्ष्मी को समर्पित है और मुंबई का नाम भी इस मंदिर के नाम पर ही पड़ा है। मान्यता है कि मंदिर में स्थापित मां लक्ष्मी की मूर्ति समुद्र से निकली है। 400 साल पुराने इस मंदिर की बहुत अधिक मान्यता है और यहां दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए आते हैं। यहां पर लोगों की मन्नतें भी पूरी होती है। तो मुंबई जा रहे तो यहां की रक्षक मुंबा देवी के दर्शन जरूर करें।

### ◆ मरीन ड्राइव

समुंदर के किनारे शाम के वक्त इस जगह पर लोग वॉक के लिए आते हैं। इसके साथ ही यहां पर याच पर बैठने का लुत्फ भी उठाया जा सकता है।

### ◆ एलिफेंटा केव

यूनेस्को हेरिटेज साइट में शामिल एलिफेंटा की गुफा अपने नायाब आर्किटेक्चर और कलाकृतियों के लिए मशहूर है। आईलैंड तक जाने के लिए फेरी चलती है। जिस पर बैठने का भी अपना मजा है। तो मुंबई जाएं तो एक दिन इस अनूठे हिस्टोरिकल और मिथोलॉजिकल प्लेस को जरूर देखें।

### ◆ छत्रपति शिवाजी टर्मिनस

वैसे तो ये जगह सबकी लिस्ट में टॉप पर रहती है। क्योंकि मुंबई गए और इस जगह पर फोटो क्लिक नहीं करवाई तो पूरी ट्रिप अधूरी रह जाएगी। तो मुंबई जा रहे तो इस हेरिटेज साइट को जरूर विजिट करें।

### ◆ बांद्रा वर्ली सी लिंक

समुद्र के बीचोंबीच बनी सड़क पर से गुजरने का रोमांच बहुत ही अलग होगा। मॉडर्न डिजाइन से बने ब्रिज के जरिए बांद्रा और वर्ली को जोड़ा गया है। इस ब्रिज पर से गुजरते हुए अरब सागर के बहुत ही शानदार व्यू देखने को मिलते हैं। तो मुंबई जाएं तो इस ब्रिज पर राइड का मौका बिल्कुल ना छोड़ें।

### ◆ कोलाबा

नाइट लाइफ एंज्वॉय करना पसंद है तो कोलाबा जरूर जाएं। यहां पर आपको बोट ट्रिप और इमारतों का आर्किटेक्ट अट्रैक्ट करेगा। ग्रुप में टूर पर जा रहे तो कोलाबा को विजिट जरूर करें।

### ◆ कन्हेरी केव्स

संजय गांधी नेशनल पार्क के अंदर बनी बौद्ध धर्म से जुड़ी कन्हेरी केव्स को भी जरूर देखें। यहां पर 110 गुफाएं पहाड़ी पर बनी है। जिसका व्यू शानदार है। तो अगर आप को हिस्टोरिक प्लेस और नेचुरल प्लेसेज पर घूमने का शौक है तो कन्हेरी केव्स को जरूर देख लें।

Uttarpradesh

# बुलंदशहर में बड़ा सड़क हादसा, हाईवे पर कंटेनर ने ट्रॉली में मारी टक्कर, आठ की मौत और 45 घायल

**बुलंदशहर, (एजेंसी)** यूपी के बुलंदशहर के खुर्जा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। नेशनल हाईवे 34 पर अरनिया इलाके के घटाल गांव के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी। ट्रॉली सवार श्रद्धालुओं में से आठ की मौत हो गई और 45 लोग घायल हैं। मौके पर डीएम श्रुति और एसएसपी दिनेश कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना।

जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर के अरनिया थाना इलाके स्थित घटाल गांव के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली सवार सभी श्रद्धालु इधर-उधर जा गिरे। हादसे की



सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन, एंबुलेंस और राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैलाश अस्पताल में 29 लोग, मुनी सीएचसी में 18, दस को जटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें कैलाश अस्पताल में चिकित्सकों ने दो बच्चे समेत छह लोगों और मुनी सीएचसी में दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। अन्य लोगों का उपचार शुरू कर दिया गया है। मृतकों में मृतक चांदनी(12), रामबेटी (62), ईपू बाबू (50), धनीराम (40), मौश्री, शिवांश (6) और अन्य है। मौके पर एसपी देहात, एसपी अपराध शंकर प्रसाद, एडीएम प्रमोद कुमार पांडेय, एसडीएम प्रतीक्षा पांडेय, सीओ पूर्णिमा सिंह समेत चार थानों का पुलिस बल मौजूद रहा।

New Delhi

## राजस्थान, जम्मू-कश्मीर में स्थिति विकराल, दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली**। राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कई हिस्सों में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ की स्थिति विकराल हो गई है। कई जगह सड़कें बह गईं हैं। पुल धंस गए हैं। वर्षाजनित हादसों में राजस्थान में पांच किशोर व दो शिक्षकों और हिमाचल प्रदेश में दो लोगों की मौत हो गई। राजस्थान के दौसा, सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी में गंभीर हालात हैं। जयपुर के कई इलाके भी पानी में डूबे है। कोटा व बूंदी में बचाव अभियान के लिए सेना के जवानों के साथ ही वायुसेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर को लगाना पड़ा है। इस बीच, भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार, 25 अगस्त के लिए कई राज्यों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और पहाड़ी राज्यों में अगले 24 घंटे तक तेज बारिश और आंधी-तूफ़ान की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहे नए लो-प्रेशर सिस्टम और पश्चिम भारत में सक्रिय चक्रवाती गतिविधि के कारण मानसून का असर तेज होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके परिणाम स्वरूप आने वाले दो-तीन दिनों तक कई राज्यों (खासतौर पर पहाड़ी और समुद्रतटीय) में बारिश की तीव्रता चरम पर रहेगी। उत्तर प्रदेश में दोबारा सक्रिय हुए मानसून के बाद बीते तीन दिनों में प्रदेश के दक्षिणी और तराई इलाकों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश देखने को मिली है।

Hyderabad

## गर्भवती पत्नी की गला घोटकर हत्या
### शव के टुकड़े कर नदी में फेंके

**हैदराबाद, (एजेंसी)** हैदराबाद के पास मेडीपल्ली में 27 साल के युवक ने गर्भवती पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी महेंद्र रेड्डी ने स्वाति उर्फ ज्योति (21 साल) के शव को छुपाने के लिए ब्लेड से टुकड़े किए। महेंद्र ने सिर, हाथ और पैर मूसी नदी में फेंक दिए। धड़ घर में ही रखा मिला। पुलिस ने रविवार को घर से कुछ हिस्से बरामद कर लिए हैं और बाकी की मूसी नदी में तलाश जारी है। घटना शनिवार शाम करीब 4:30 बजे की है। दोनों के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। शनिवार को पत्नी के मायके जाने की जिद के चलते दोनों में झगड़ा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और DNA जांच भी कराई जाएगी। ये घटना तब हुई जब 22 अगस्त को नोएडा में दहेज के लिए एक शख्स ने बेटे के सामने पत्नी को जिंदा जलाने का मामला चर्चा में है। महिला की शादी 9 साल पहले हुई थी।



Uttarpradesh

## महिला के आधार नंबर लेकर बनाया डुप्लीकेट Aadhar, खोले बैंक अकाउंट और मचाई लाखों की ठगी

**भदोही, (एजेंसी)** बिहार के एक व्यक्ति पर पश्चिम बंगाल की एक महिला के आधार कार्ड की नकल करके उसके नाम पर बैंक खाता खोलने और देश भर के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए फर्जी पत्र जारी करके लोगों से लाखों रुपये ठगने का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने रविवार को ये जानकारी दी है.मूल रूप से बिहार के गया जिले का निवासी आरोपी रोहित रंजन उर्फ पंकज कुमार शर्मा उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के सुरयावा में रह रहा है. उसने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की एक मजदूर महिला के आधार नंबर का इस्तेमाल करके एक सिम कार्ड भी खरीदा हुआ था.ॉ एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, इस संबंध में नदिया के हरिनघाट थाने से भेजी गई एक रिपोर्ट के आधार पर शनिवार को सुरयावा थाने में रोहित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. उन्होंने बताया कि यह अपराध 29 सितंबर से 16 नवंबर, 2023 के बीच किया गया. मामला धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 419 (छद्मवेश धारण करके धोखाधड़ी), 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की डिलीवरी के लिए प्रेरित करना), 465 (जालसाजी), 467 (मूल्यवान प्रतिभूति, वसीयत आदि की जालसाजी) और 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और आईटी अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है. राजमिस्त्री अमित मंडल की पत्नी 25 साल की प्रिया मंडल सरकार को इस घटना के बारे में तब पता चला जब पुलिस धोखाधड़ी के एक मामले में उससे पूछताछ करने पहुंची. भदोही के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि रोहित ने खुद को नई दिल्ली स्थित मेडिकल काउंसिल कमेटी का सदस्य बताकर सूर्यावा निवासी गुफरान नामक युवक को कोलकाता मेडिकल कॉलेज के लिए फर्जी आवंटन और प्रवेश पत्र देकर 10 लाख रुपये ठग लिए.

खेल

# पुजारा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास 2023 WTC फाइनल रहा आखिरी मुकाबला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत के स्टार टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। रविवार को उन्होंने एक पोस्ट लिखकर इसका एलान किया। इस भावुक नोट में उन्होंने अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। पुजारा ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना, और हर बार मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देना... इसे शब्दों में बयां करना नामुमकिन है कि यह कितना खास था, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, हर अच्छी चीज का एक अंत होता है, और अत्यंत आभार के साथ मैं यह घोषणा करता हूं कि मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है।'



### पुजारा ने लिखा भावुक कर देने वाला नोट

पुजारा ने नोट में लिखा, 'राजकोट के एक छोटे से शहर का रहने वाला मैं, बचपन में अपने माता-पिता के साथ सितारों को छूने का सपना देखा और भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का सपना संजोया। मुझे तब यह नहीं पता था कि यह खेल मुझे इतना कुछ देगा। अनमोल अवसर, अनुभव, उद्देश्य, प्रेम, और सबसे बढ़कर अपने राज्य और इस महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका। मैं BCCI और सौराष्ट्र क्रिकेट संघ का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे अपने क्रिकेट करियर में अवसर और समर्थन दिया। मैं उन सभी टीमों, फ्रेंचाइजियो और काउंटी टीमों का भी आभारी हूं जिनका मैं वर्षों तक हिस्सा रहा।' पुजारा ने लिखा, 'मैं यहां तक नहीं पहुंच पाता यदि मेरे मार्गदर्शकों, कोचों और आध्यात्मिक गुरु का मार्गदर्शन नहीं होता। उनके प्रति मैं सदैव ऋणी रहूंगा। मेरे सभी साथियों, सपोर्ट स्टाफ, नेट बॉलर्स, विश्लेषकों, लॉजिस्टिक्स टीम, अंपायरों, ग्राउंड स्टाफ, स्कोरर्स, मीडिया कर्मियों और उन सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद जो पर्दे के पीछे लगातार मेहनत करते हैं ताकि हम इस खेल को खेल सकें। मेरे प्रायोजकों, भागीदारों और प्रबंधन टीम को, वर्षों से मुझ पर विश्वास जताने और मैदान के बाहर मेरा ध्यान रखने के लिए मैं आपका आभारी हूं। इस खेल ने मुझे दुनिया के कई कोनों में पहुंचाया और प्रशंसकों का जो जुनून और समर्थन मिला वह हमेशा एक स्थायी प्रेरणा रही है। जहां-जहां मैंने खेला, वहां मुझे जो प्यार और समर्थन मिला, उसने मुझे विनम्र बना दिया और मैं इसके लिए सदा आभारी रहूंगा।' पुजारा ने लिखा, 'निश्चित रूप से, यह सब कुछ संभव नहीं हो पाता अगर मुझे मेरे परिवार का अटूट त्याग और समर्थन नहीं मिला होता। मेरे माता-पिता, मेरी पत्नी पूजा, मेरी बेटी अदिति; मेरे ससुराल पक्ष और मेरा पूरा परिवार, जिन्होंने इस यात्रा को सच में सार्थक बना दिया। अब मैं अपने जीवन के अगले चरण की ओर अग्रसर हूं, जहां मैं उनके साथ अधिक समय बिताना और उन्हें प्राथमिकता देना चाहता हूं। आप सभी के प्रेम और समर्थन के लिए धन्यवाद!'

सिनेमा

# 21 की उम्र में करोड़ों की मालकिन है हसीना, सलमान खान के शो पर उड़ाएगी गर्दा?



इंतजार की घड़ियां खत्म होने वाली हैं. सलमान खान आपका फेवरेट शो बिग बॉस 19 लेकर टीवी पर लौट रहे हैं. शो में जाने वाले कई कंटेस्टेंट्स के नाम भी सामने आ गए हैं. चर्चा है कि चाइल्ड एक्ट्रेस रहीं अशनूर कौर भी बिग बॉस के घर में लॉक होने के लिए तैयार हैं. छोटी सी अशनूर इतनी बड़ी हो गई हैं कि उन्हें बिग बॉस में देखना दिलचस्प होने वाला है. शो शुरू हो इससे पहले एक्ट्रेस को थोड़ा करीब से जानते हैं. अशनूर कौर ने पांच साल की उम्र में टेलीविजन इंडस्ट्री में कदम रखा था. उन्हें इंडस्ट्री में काम करते हुए 13 साल से ज्यादा का समय हो गया है. अशनूर को झांसी की रानी, साथ निभाना साथिया, देवों के देव महादेव और ये रिश्ता क्या कहलाता जैसे तमाम सुपरहिट शो के लिए जाना जाता है. टीवी शोज के अलावा उन्होंने संजू और मनमर्जियां जैसी फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग साबित की है. अच्छी एक्ट्रेस होने के साथ अशनूर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी हैं. इंस्टाग्राम पर उनके 9 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं. इंस्टाग्राम के जरिए वो फैन्स के साथ जुड़ी रहती हैं और लाइफ की अपडेट शेयर करती हैं. वो बिजनेस की दुनिया में भी कदम रख चुकी हैं. उन्होंने अपना मेकअप ब्रांड लॉन्च किया है जिससे वो तगड़ी कमाई करती हैं.

## Highlights

1. **Woman sits on bike's fuel tank & hugs rider in UP, fined ₹53,000**
2. **4 gates of Dharoi Dam in Guj opened, 58,880 cusecs water released**
3. **Govt engineer burns ₹500 notes & throws into toilet pipes during raid in Bihar**
4. **I'll resign: Doctor leaves cabin after MLA yells at him in Ghazipur**

# CIBIL score not mandatory to get loan from bank, but...: Centre's big clarification

**NEW DEIHI, (Agency).** The Ministry of Finance has stated that a minimum CIBIL score is not required for bank loans for first-time borrowers. Speaking in the Lok Sabha during the monsoon session last week, MoS Pankaj Chaudhary reiterated the RBI's stance and stated that banks cannot reject loan applications if the credit score is less or zero for first-time applicants.

"As part of best practices for credit institutions, Reserve Bank vide referred Master Direction dated 6.1.2025 has advised CIs that first time borrowers' loan applications should not be rejected just because they have no credit history," said Chaudhary.

The minister further added that RBI has not prescribed a minimum credit score for loan applications.

"In a deregulated credit environment, lenders take credit decisions as per their commercial considerations based on their Board approved policies and broad regulatory guidelines and the information contained in the Credit Information Report would be one of the inputs, amongst various other inputs/factors, that lenders would consider before granting any credit facility to a prospective borrower," the MoS added further.

**What is CIBIL score?-** A CIBIL score refers to a three-digit number ranging from 300 to 900, which summarises a person's individual's "creditworthiness". The score is provided by the Credit Information Bureau (India) Limited (CIBIL) in India and is often used to determine the eligibility of a person for borrowing such as personal, gold, home and other bank loans.

**CIBIL score not mandatory, but checks required-** While a CIBIL score may not be mandatory for first-time borrowers, the finance ministry has still asked banks to undertake their due diligence and conduct background checks on the applicants. These checks would include examining credit history, past repayment history, delayed repayments, loans settled, restructured, written-off, etc. The minister also added that Credit Information Companies can charge upto ₹100 to provide a person with their respective credit reports. Any amount higher than this will not be acceptable. "The fee chargeable for obtaining credit score is regulated by RBI under the Credit Information Companies Regulations, 2006, which provide that a CIC may charge an amount not exceeding ₹100 for providing to an individual his own credit information. Further, vide circular dated 1.9.2016 on "Free Annual Credit Report to Individuals", RBI has advised every CIC to provide one free full credit report including credit score in electronic format, once in a year to individuals whose credit history is available with the CIC," Chaudhary added.

# Dream11 ventures into SIP, gold investments with Dream Money after new gaming law impact

**NEW DEIHI, (Agency).** After the Online Gaming Bill was given presidential assent, Dream11's parent company announced a new venture for the company. With a ban on all online money games, Dream Sports will now work towards helping people manage their money.

As per a report by PTI, Dream Sports has working to pilot a personal money management app called Dream Money. The report adds that this will help people invest in gold, fixed deposits and SIPs.

Gold investment to tracking stocks | About Dream Money's features

Gold investment - As per Moneycontrol, Dream Money will help people invest in gold by partnering with a digital gold trading platform Augmont.



SIP planning—Starting from Rs10, Dream Money will help people set up a systematic investment plan, be it daily or monthly.

Fixed deposits - Users will be allowed by make fixed deposits from Rs1000 onwards, without any bank account. The funds deposited will be available for for withdrawal at any time. As per Moneycontrol, the fixed deposits will be provided from small finance banks such as Suryoday Small Finance Bank, Shivalik Small Finance Bank, Slice Small Finance Bank.

Tracking spending, income, etc. - In partnership with SEBI-registered AI investment advisor Sigfyn, Dream Money will enable users to track their financial activities, ranging from tracking their spending to mutual funds and stocks.

Dream11 shuts down paid contests, cash games

Following the implementation of the Online Gaming Bill, Dream11 issued an official statement confirmed that it has discontinued all their paid contests.

"This morning, we stopped all paid contests on Dream11 and pivoted entirely to a free-to-play online social game," read the statement issued on Friday.

"While we believe that progressive regulations would have been the right way forward, we will respect the law and will fully comply with 'The Promotion & Regulation of Online Gaming Law, 2025'," the statement added further.

# गैस सिलेंडर की नली फटी, होटल में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमआईजी क्षेत्र में रविवार दोपहर अचानक एक नाश्ते की दुकान में आग लग गई। जानकारी के अनुसार, नेहरू नगर मेन रोड स्थित 'रीवा सीधी नाश्ते' की दुकान में गैस सिलेंडर की नली फटने से आग भड़क उठी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।**



एमआईजी थाना पुलिस के एएसआई शेखर पंवार ने बताया कि दुकान के मालिक अरुण पुत्र शिव वर्मा हैं। रविवार दोपहर करीब 1 बजे जब कर्मचारी काम कर रहे थे, तभी अचानक सिलेंडर की नली फटी और आग तेजी से फैल गई। मौके पर मौजूद तीनों कर्मचारियों ने तुरंत बाहर भागकर अपनी जान बचाई। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकान के भीतर रखा फर्नीचर और अन्य सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि वे असफल रहे। बाद में दमकलकर्मियों ने पूरी तरह आग पर काबू पा लिया।

## एडवोकेट की बीमारी से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सुखलिया इलाके में रहने वाले एक वकील की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, मृतक नीरज पुत्र नरेंद्र सचान ब्रेन हेमरेज की बीमारी से पीड़ित थे। शनिवार शाम उन्हें घर से भंडारी अस्पताल लाया गया था। परिवार का आरोप है कि भंडारी अस्पताल के डॉक्टरों ने लापरवाही बरतते हुए बिना सही जांच किए नीरज की मौत को जहर खाने का मामला बता दिया और शव को सीधे एमवाय भेज दिया। मामले की जानकारी मिलने पर सुखलिया क्षेत्र के पार्षद राजू भदौरिया ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को फटकार लगाई और नीरज के इलाज से जुड़े दस्तावेज भी दिखाए। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी, जिसके बाद हीरानगर पुलिस की मौजूदगी में रविवार को नीरज का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। नीरज पेशे से वकील थे और परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक